# महागठबंधन शासन के दौरान दी गई संविदा रद्द

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **बिहार सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में** [पेयजल](#) आपूर्ति **के लिये** पिछली **'महागठबंधन' सरकार द्वारा दिये गए 826 करोड़ रुपए के 350 संविदाओं को रद्द कर दिया।**

## मुख्य बिंदु

- [लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग](#) द्वारा की गई जाँच में पता चला है कि **संविदाकार चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं** के कारण ये संविदा रद्द कर दी गई थी।
- सूत्रों के अनुसार, **बाँका ज़िला इस सूची में सबसे ऊपर है,** जहाँ ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्था से संबंधित सबसे अधिक 106 संविदा रद्द कर दी गई हैं, इसके बाद जमुई, लखीसराय, औरंगाबाद और आरा का स्थान है।
    - स्वास्थ्य, पथ निर्माण, नगर विकास, ग्रामीण कार्य समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों को राज्य की पिछली महागठबंधन सरकार द्वारा लिये गए निर्णयों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है।

## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (Public Health Engineering Department- PHED)

- यह एक सरकारी एजेंसी है जो जनता को **सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता सुविधाएँ प्रदान करने के लिये ज़िम्मेदार है।**
- यह **सार्वजनिक स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर** बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-cancels-contracts-awarded-during-mahagathbandhan-regime